राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

# मासिक रिपोर्ट – जनवरी 2021

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** कुल 6525 स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, जिनमें से 6224 स्मार्ट मीटर्स डेटा संचार कर रहे हैं। 31,500 सिंगल फेज व 5,000 तीन फेज स्मार्ट मीटर के नमूना परीक्षण NABL लैब में स्वीकृति प्रक्रियाधीन है।
2. **OPTCL, ओडिशा:** परियोजना क्षेत्र (WESCO क्षेत्राधिकार) को टाटा पावर वेस्टर्न ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (TPWODL) ने अधिग्रहण किया। PFCCL द्वारा बिडर्स को संबन्धित स्पष्टीकरण जारी किया गया। निविदा खोलने की तिथि को 19 फरवरी 2021 तक बढाया गया।
3. **CED, चण्डीगढ़:** फरवरी 2021 में निजीकरण की बोली खोलने के मद्देनजर में पूर्ण शहर प्रोजेक्ट के लिए PDMA निविदा मूल्यांकन को रोक दिया गया है।

** सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।*

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 19 जनवरी 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा तेलंगाना के ऊर्जा सचिव की अध्यक्षता में तेलंगाना की प्रथम राज्य स्तरीय परियोजना प्रबंधन यूनिट (SLPMU) की बैठक सम्पन्न हुई। साथ ही तेलंगाना स्मार्ट ग्रिड पायलट परियोजना की समीक्षा भी की गई।
2. 19 जनवरी 2021 को NSGM वेबसाइट स्थानान्तरण / विकास संबंधित मुद्दों पर विद्युत मंत्रालय / NIC के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक हुई।
3. 8 जनवरी 2021 को माननीय विद्युत ऊर्जा मंत्री द्वारा 'एडवांस मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर सर्विस प्रोवाइडर' (AMISP) की नियुक्ति के लिए संशोधित मानक बोली दस्तावेज का अनुमोदन हुआ।
4. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा:
   - क. 18 जनवरी 2021 को चंडीगढ़ स्मार्ट ग्रिड परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई।
   - ख. 19 जनवरी 2021 को त्रिपुरा स्मार्ट ग्रिड पायलट परियोजना की समीक्षा बैठक हुई।
   - ग. 20 जनवरी 2021 को राउरकेला स्मार्ट ग्रिड परियोजना की समीक्षा बैठक हुई।
5. निदेशक NPMU ने:
   - क. 15 जनवरी 2021 को 'इंटेलिस्मार्ट' द्वारा आयोजित 'भारत में डिजिटल स्मार्ट ग्रिड के विज़न को साकार करने के लिए लीडरशिप राउंडटेबल' में भाग लिया।
   - ख. 19 जनवरी 2021 को 'कर्नाटक पावर सिस्टम ट्रांसफ़ॉर्मेशन वर्कशॉप' के दौरान 'सौर एवं पवन ऊर्जा के बढ़ते हिस्से के संदर्भ में कर्नाटक ऊर्जा क्षेत्र' सत्र को संचालित किया।
   - ग. 29 जनवरी 2021 को हुई डिस्ट्रिब्यूटेक (DISTRIBUTECH) इंडिया 2021 के साथ वर्चुअल पावरजेन (POWERGEN) इंडिया व इंडियन यूटिलिटी वीक 2021 में 'नेतृत्व पैनल- III: ग्रिड का आधुनिकीकरण - डिजिटल, स्मार्ट और विश्वसनीय ग्रिड के लिए समाधान' में भाग लिया।
   - घ. LITD-10 समिति के अंतर्गत IEC 62746-10-1:2018 को समाहित करने हेतु BIS के LITD-28, ETD-13 व ETD-51 की समितियों में से IT आर्किटेक्चर, डेटा लेयर एक्सचेंज और LMCP के विशेषज्ञों की पहचान करने के लिए एक पैनल को समन्वित किया।

(अरुण कुमार मिश्र)
निदेशक, एनपीमयू
dir.npmu.nsgm@gov.in